दुन्या की अजिब मिसाल

शैख मुहम्मद इशाक मुलतानी.

नोट: आप से दरखास्त है की इसे
भाषा या ग्राम्मर का अदब ना समझे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम

इमाम गजाली (रह) फरमाते हे कि एक आदमी जा रहा था एक शेर उस्के पीछे भागा, उस्के आस पास कोई दरख्त नही था कि उसपर चढकर अपनी जान बचा लेता, उस्को एक कुवा नजर आया, उसने सोचा कि इसमे छलांग लगा देता हू जब शेर चला जायेगा तो कुवे से बाहर निकल आउंगा.

लेकिन जब उसने छलांग लगाने का इरादा किया तो देखा कि कुवे मे एक काला नाग तैरता हुवा नजर आया, अब पीछे शेर था और नीचे नाग था, वो और ज्यादा परेशान हो कर सोचने लगा कि अब किया करे, कि इतने मे उस्को कुवे की दीवार पर कुछ घास उगी हुई नजर आई, उसने सोचा कि मे इस घास को पकड कर लटक जता हू ना उपर रहूंगा कि शेर खाये, और ना नीचे जाउंगा कि सांप डसे.

थोडी देर के बाद उसने देखा कि एक काला और एक सुफेद चूहा दोनो उसी घास को काट रहे हे

जिसको पकड कर वो लटक रहा था, अब इसे और ज्यादा परेशानी हुई, इसी परेशानी की हालत मे उसने इधर उधर देखा तो उस्को करीब ही एक मधुमखी का छत्ता नजर आया, जो शहद से भरा हुवा था, ये छत्ता देख कर उस्को खयाल आया कि जरा देखु तो सही कि इसमे शहद कैसा हे.

चुनांचे उसने एक हाथ से घास को पकडा और दुसरे हाथ की उगली पर जब शहद लगा कर चखा तो उस्को बहुत मजा आया, अब वो उस शहद को चाटने मे ऐसा मशगूल हो गया, कि ना उस्को शेर याद रहा, ना नाग, और ना वो दोनो चूहे याद रहे, अब सोचये इस्का अंजाम किया होगो.

ये मिसाल देने के बाद इमाम गजाली (रह) फरमाते हे कि ये दोस्त तेरी मिसाल उसी इन्सान की हे, मलेकुल मौत तेरे पीछे शेर की तरह लगा हुवा हे, कबर का अजाब उस साप की सुरत मे तेरे इन्तेजार मे हे, काले और सुफेद चूहे, ये तेरी ज़िन्दगी के दिन और रात हे, घास तेरी ज़िन्दगी हे, जिसे चूहे काट रहे हे, और शहद का छत्ता ये दुन्या की लज्जते हे, जिनसे मजा लेने मे तु लगा हुवा हे, तुझे कुछ याद नही कि तेरा अंजाम किया होगा.

वाकई बात ये ही हे कि इन्सान दुन्या की लज्जतो मे

फसकर अपने रब को नाराज़ कर लेता हे, कोई खाने पीने की लज्जतो मे लगा हुवा हे, और कोई अच्छे ओहदे और शोहरत की लज्जत मे फसा हुवा हे, और ये ही लज्जते इन्सान को आखिरत से गाफिल कर देती हे, इसलिये जहा दुन्या को छोडने का जिकर आये उससे मुराद लज्जतो को छोडना होगा.

हवाला: एक हज़ार अनमोल मोती उर्दु से मज़मून का खुलासा लिप्यान्तरण किया गया हे.